उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
14 — अशोक मार्ग , शक्ति भवन , लखनऊ
**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

संख्याः—468—पें0एवंआर0—28/पाकालि/12—49पी/89 टी0सी0VII दिनांकः 23 फरवरी,2012

समस्त मुख्य अभियन्ता/
मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत),
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
..................................................।

**विषयः—अधिवर्षता पेंशन, सेवानिवृत्त, ग्रेच्युटी और राशिकरण की धनराशि की अदायगी में होने वाले सम्भावित विलम्बों को दूर करने हेतु वर्तमान कार्य प्रणाली का सरलीकरण।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कारपोरेशन के पत्र सं0—1347—पें0एवंआर0—28/पाकालि/01—49पी/89, दिनांक 14.05.2001 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा अधिवर्षता पेंशन, सवोनिवृत्त ग्रेच्युटी और राशिकरण की अदायगी में होने वाले विलम्ब को दूर करने के उद्देश्य से विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष और पेंशन स्वीकृता अधिकारी को शासन द्वारा निश्चित 24 मासीय समय सारणी का अनिवार्यतः पालन कर सेवा में अन्तिम माह की पहली तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को पेंशन/ग्रेच्युटी के अन्तिम भुगतान आदेश दे दिये जाने चाहिए, के निर्देश प्रेषित किये गये थे। किन्तु श्रमिक संघ द्वारा कारपोरेशन को सूचित किया गया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पावनों का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है।

अध्यक्ष, महोदय द्वारा सेवानैवृत्तिक देयों का समय से भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये है। अतः इस सम्बन्ध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आप यह सुनिश्चित करायें कि सम्बन्धित सक्षम अधिकारी, परिषदाज्ञा सं0—623—पेंशन—31/राविप/97—49पी/89 दिनांक 21.05.1997 में निहित दिशा—निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें तथा सेवानैवृत्तिक देयों का समय से भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
22/2/12
(रज्जन लाल)
**अपर सचिव (अराजपत्रित)**

**संख्या—468(I)—पें0एण्डआर0—28/पाकालि/12—तद्दिनांक :—**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण), पूर्वांचल/पश्चिमांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/ट्रांसको/केस्को।
2. समस्त उप मुख्य लेखाधिकारी, पूर्वांचल/पश्चिमांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/ट्रांसको/केस्को।
3. अपर सचिव—I/II/III, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. समस्त अधिकारी/अनुभाग अधिकारी, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,
22/2/12
(रज्जन लाल)
**अपर सचिव (अराजपत्रित)**

माई कम्प्यूटर/डी/बैक आप माई डाक्यूमैण्ट/पेंशन/lalsir